भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

**लोक सभा**

**तारांकित प्रश्न सं. *247**

जिसका उत्तर 12.12.2024 को दिया जाना है

**महाराष्ट्र में राष्ट्रीय राजमार्ग**

*247. श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या महाराष्ट्र के शिरडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र और अहमदनगर जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग जर्जर स्थिति में हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है,

(ख) क्या सरकार ने उपर्युक्त राष्ट्रीय राजमार्गों के सुदृढ़ीकरण/निर्माण/उन्नयन के लिए कोई कदम उठाया है, यदि हां, तो आज तक तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पिछले तीन वर्षों के दौरान उपर्युक्त राजमार्गों के लिए कोई धनराशि आवंटित की है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के अनुसार चल रहा है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं, और

(ङ) सरकार द्वारा तय समय-सीमा के भीतर निर्माण कार्य पूरा करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ड.) एक विवरण सदन के पटल पर रखा जाता है।

**“महाराष्ट्र में राष्ट्रीय राजमार्ग” के संबंध में श्री भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे** द्वारा पूछे गए दिनांक 12.12.2024 के **लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. *247 के भाग (क) से (ड.) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

(क) महाराष्ट्र के शिरडी संसदीय क्षेत्र और अहमदनगर जिले से गुजरने वाले सभी राष्ट्रीय राजमार्ग यातायात योग्य स्थिति में हैं, सिवाय राष्ट्रीय राजमार्ग-160 के सावली विहिर से अहमदनगर खंड के, जो पहले नियुक्त ठेकेदार द्वारा रखरखाव न किए जाने के कारण खराब हो गया है। ठेकेदार की चूक के कारण इस कार्य का अनुबंध समाप्त कर दिया गया था और इस खंड का रखरखाव अलग अनुबंध के माध्यम से किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय राजमार्ग -752जी के कोपरगांव से सावली विहिर खंड में 1.41 किलोमीटर लंबाई भूमि अधिग्रहण संबंधी मुद्दों के कारण वीयूपी के निर्माण में देरी की वजह से क्षतिग्रस्त हुई है तथा इस खंड के निर्माण के दौरान रखरखाव का कार्य किया जा रहा है।

(ख) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान महाराष्ट्र राज्य के शिरडी संसदीय क्षेत्र और अहमदनगर जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए 360 किलोमीटर लंबाई में 2439 करोड़ रुपये की लागत वाले 7 कार्यों को स्वीकृति दी गई है।

(ग) सरकार ने पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान महाराष्ट्र राज्य में शिरडी संसदीय क्षेत्र और अहमदनगर जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों सहित महाराष्ट्र राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए 68,764 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं।

(घ) से (ङ) सरकार द्वारा स्वीकृत सभी कार्य कार्यान्वयन के अधीन हैं, सिवाय राष्ट्रीय राजमार्ग 548डी के जामखेड से सौताडा खंड के पुनर्स्थापन और उन्नयन के कार्यों और राष्ट्रीय राजमार्ग 752जी के कोपरगांव से सावलीविहिर खंड के पुनर्वास और उन्नयन के कार्यों के, जो भूमि अधिग्रहण, जनोपयोगी सुविधाओं के स्थानांतरण और ठेकेदार के नकदी प्रवाह के मुद्दों के कारण विलंबित हो गए और राष्ट्रीय राजमार्ग 160 के सावली विहिर से अहिल्यानगर (अहमदनगर) बाईपास खंड के उन्नयन/सुदृढ़ीकरण कार्य, ठेकेदार की चूक के कारण अनुबंध समाप्त होने के कारण विलंबित हो गए हैं।

लंबित मुद्दों का समाधान कर लिया गया है और राष्ट्रीय राजमार्ग 548डी के जामखेड से सौताडा खंड के पुनर्स्थापन और उन्नयन तथा राष्ट्रीय राजमार्ग -752जी के कोपरगांव से सावली विहिर खंड के पुनर्स्थापन और उन्नयन के कार्यों को अप्रैल, 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग -160 के सावली विहिर से अहिल्यानगर (अहमदनगर) बाईपास खंड के उन्नयन/सुदृढ़ीकरण कार्य के समाप्त अनुबंध के शेष कार्यों के निष्पादन के लिए निर्धारित तिथि के बाद दो वर्ष की पूर्णता अवधि के साथ बोलियां आमंत्रित की गई हैं।

*****